# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com
* राहतगढ़ * खुरई * पथरिया * सिलवानी * गैरतगंज * गंजबासौदा * सिरोंज * बीना * शमशाबाद
भोपाल 30 अप्रैल 2026


### गोपालगंज पुलिस और सीसीटीवी कंट्रोल रूम ने की संयुक्त मेहनत, विवेचना अभी जारी

# गौवंश की चोरी करने वाले शातिर आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, लोग थे आक्रोशित



**जागरण, सागर।** पुलिस ने गौवंश के मामले में कार्यवाही करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। यह शातिर तरीके से गौवंश चोरी करके ले गए थे। एक मामले में वीडियो भी वायरल हुआ था।

गोवंश चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से आमजन में असंतोष एवं आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही थी। थाना गोपालगंज क्षेत्र में गोवंश चोरी के दो अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोपालगंज घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा गंभीरता से लगातार प्रयास किए गए। पुलिस ने बताया कि फरियादी ध्रुव यादव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एकता कॉलोनी के पास से अज्ञात ऑटो चालक उनकी सफेद रंग की गाय चोरी कर ले गया। वहीं फरियादी आशीष दुबे गौ रक्षा दल कार्यकर्ता द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसमें एकता कॉलोनी क्षेत्र से एक लाल बछड़े को ऑटो में भरकर चोरी करते हुए संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में जनआक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की गई।

### सीसीटीवी कंट्रोल रूम की अहम भूमिका

घटना के खुलासे हेतु थाना गोपालगंज पुलिस द्वारा मेहनत करते हुए सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम सीसीटीवी टीम के आरकेएस चौहान एवं रेखा रजक का विशेष योगदान रहा जिनके द्वारा बार-बार विभिन्न लोकेशनों के फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। इसी मेहनत के फलस्वरूप एक संदिग्ध पीले-काले रंग के ऑटो की पहचान की गई जिस पर हरे रंग का स्टिकर लगा हुआ था। उक्त ऑटो की पहचान होने के बाद पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई।

गोपालगंज पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें कासिम कुरैशी पिता साकिर कुरैशी उम्र 26 वर्ष निवासी बाघराज वार्ड थाना मोतीनगर, शाहरुख कुरैशी पिता बशीर कुरैशी उम्र 25 वर्ष निवासी राहतगढ़ बस स्टैंड के पास और चांद उर्फ दिलावर कुरैशी पिता जब्बार कुरैशी उम्र 26 वर्ष निवासी राहतगढ़ बस स्टैंड के पास शामिल हैं।

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें 12 मई तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

इस कार्यवाही में थाना गोपालगंज पुलिस टीम एवं सागर पुलिस कंट्रोल रूम टीम से निरीक्षक घनश्याम शर्मा थाना प्रभारी, उनि नीरज जैन, आरकेएस चौहान, प्रआर दीपक व्यास, कैलाश सेन, अनिल प्रभाकर, महिला प्रधान आरक्षक रेखा रजक, आरक्षक योगेश ठाकुर, अंकित तिवारी, थिरबम, हीरेंद्र, भरत, प्रशांत पंछी, अरविंद, अतुल, मनोज, रणवीर, आनंद सिंधु, देवेंद्र पांडे की सराहनीय भूमिका रही है। लगातार मेहनतए तकनीकी विश्लेषण एवं सटीक समन्वय के चलते ही इस संवेदनशील प्रकरण का खुलासा संभव हो सका। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि गोवंश चोरी जैसे संवेदनशील मामलों में पुलिस पूर्ण गंभीरता से कार्य कर रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार के अपराधों पर कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी।

### इधर, स्टेशन के बाहर बदमाशों की गुंडागर्दी

**जागरण, सागर।** बीती रात सागर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 के बाहर स्थित दुकानों में कुछ युवकों द्वारा जमकर तोड़फोड़ और गाली-गलौज की गई। घटना का वीडियो खुद आरोपियों ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामले में कैंट थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है जिसकी जांच कराई जा रही है। फिलहाल थाने में किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीते दिनों सिविल लाइंस में भी बदमाशों ने उत्पात मचाया था।

## नीट परीक्षा 3 मई को, परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

### कलेक्टर ने दिए आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश



**जागरण, सागर।** आगामी 3 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नीट परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी।

**परीक्षा दोपहर 2 से 5 बजे तक**

सागर में परीक्षा हेतु पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक, उत्कृष्ट विद्यालय बस स्टैंड सागर, शासकीय कन्या महाविद्यालय बस स्टैंड, आर्मी पब्लिक स्कूल मकरोनिया रोड, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 राजघाट रोड परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शासन के निर्देशानुसार सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं।

परीक्षार्थियों के लिए कई सामग्री परीक्षा केंद्र पर लेकर जाना प्रतिबंधित है। यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा केंद्र के अंदर प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ पाया जाता है तो इसे अनुचित साधनों का उपयोग माना जाएगा और उसके विरुद्ध संबंधित नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

## कार्यकर्ताओं ने आप पार्टी छोड़ने वाले सातों सांसदों का किया पुतला दहन

### पार्टी की जिला इकाई ने किया विरोध प्रदर्शन, एकजुटता का लिया संकल्प



**आप कार्यकर्ताओं ने कहा-ऐसे कदम लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ, लोग माफ नहीं करेंगे**

**जागरण, सागर।** आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने बुधवार को पार्टी छोड़कर जाने वाले सातों सांसदों के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया। इन सांसदों का पुतला जलाया गया और नेताओं ने कहा कि यह गद्दारी है। पार्टी के जिला अध्यक्ष डीके सिंह एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष दामोदर कुर्मी के नेतृत्व में कालीचरण चौक पर राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, राघव चड्ढा सहित पांच सांसदों के खिलाफ नारेबाजी कर पुतले दहन किए। डीके सिंह एवं संगठन मंत्री पुष्पेंद्र राजपूत ने कहा कि जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात करने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ हैं और जनता इसे कभी माफनहीं करेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान आम आदमी पार्टी सुरेंद्र अहिरवार, एसके खत्री, आशुतोष कुर्मी, जिला सह सचिव लक्ष्मीकांत राज, ज्योतिष सोनी, प्रशांत पवार आदि मौजूद रहे।

## जनगणना महाअभियान कल से प्रारंभ, पांच हजार से अधिक कर्मी करेंगे मकान गणना

### 1 से 30 मई तक घर-घर पहुंचेंगी टीमें, ली जाएगी जरूरी जानकारी

**जागरण, सागर।** जनगणना महाअभियान का कार्य 1 मई से 30 मई तक चलेगा जिसमें जिले में 5000 से अधिकारी, कर्मचारी जिलेवासियों के समक्ष पहुंचकर मकान करना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी एकत्र करेंगे। इस दौरान जिले में 4387 प्रगणक एवं 760 सुपरवाइजर मकानगणना का कार्य करेंगे। जनगणना के दौरान अधिकारी केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे। जैसे कि मकान/भवन का प्रकार, परिवार में कुल सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता, शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति, गैस कनेक्शन की जानकारी, रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर शामिल हैं। इन जानकारियों का उपयोग केवल सांयिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा। जनगणना के दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता या वित्तीय जानकारी, किसी भी प्रकार का ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी कभी भी नहीं पूछी जाएगी इसलिए नागरिक विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी मांगता है तो सावधान रहें और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जानकारी देने से पहले अधिकारी/कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत सरकारी कर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### जिले में अब तक 52 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी

**जागरण, सागर।** जिला उपार्जन समिति द्वारा बताया गया कि आज दिनांक तक गेहूं की खरीदी 52384 मीट्रिक टन की गई है जबकि 40476 मीट्रिक टन का उपार्जन परिवहन हेतु तैयार है। 31170 मीट्रिक टन का परिवहन किया जा चुका है एवं 23270 किसानों के स्वीकृत पत्रक भी तैयार किया जा चुके हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं एवं उपार्जन का परिवहन एवं किसानों का भुगतान भी प्राथमिकता के साथ करें। जिला उपार्जन समिति की बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश रावत सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जिसमें प्रमुख रूप से पानी एवं धूप से बचने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सभी उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना की उपलब्धता भी सुनिश्चित किया जाए जिससे कि उपार्जन का तत्काल परिवहन हो एवं सुरक्षित किया जा सके। किसानों का उपार्जन के बाद भुगतान भी हो इसके लिए सभी भुगतान पत्रक उपार्जन के समय ही तैयार करें एवं भुगतान करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

## जल गंगा संवर्धन में सफाई अभियान



**जागरण, शाहगढ़।** बीला बांध परियोजना पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार एवं जलसंसाधन विभाग सागर के मुख्य अभियंता आरपीएस कवर ने सरस्वती पूजन कर शुभारंभ किया। अतिथियों ने डेम के भराव क्षेत्र में साफ सफाई कर अभियान को गति प्रदान की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जलसंकट को दूर करने के लिए जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिए साफ सफाई करना एवं गहरीकरण करना होता है जिसे 19 मार्च से 30 जून तक अभियान के रूप में समाज एवं सरकार की भागीदारी से आयोजित होता है। वहीं बीला बांध परियोजना पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी जीएस चौधरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मनीष यादव, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता आरपीएस कवर, अधीक्षण यंत्री एनसी जैन एवं कार्यपालन यंत्री अखिल बिल्थरे सहित विभाग के अधिकारी शामिल रहे ।

## नगर में फिलहाल नहीं है जल संकट, जलापूर्ति लगातार रहेगी जारी, लोगों को मिलेगी राहत

### नगर पालिका प्रशासन ने बनाई राहत की व्यवस्था

**जागरण, रहली।** भीषण गर्मी के चलते जहां जिले के कई हिस्सों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है वहीं रहली नगर में नगर पालिका की सक्रियता के चलते जलापूर्ति व्यवस्था अब भी संतुलित बनी हुई है। नगर के सभी वार्डों में एक दिन के अंतराल से नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जा रही है जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। नगर पालिका द्वारा जल प्रबंधन को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। नगर के प्रमुख जल स्रोतों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और फिल्टर प्लांट की समय-समय पर सफाई एवं मेंटेनेंस किया जा रहा है ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती गर्मी और जल की मांग के बावजूद सप्लाई को सुचारू बनाए रखना प्राथमिकता है। नगर के लगभग 15 वार्डों में तय समय सारणी के अनुसार जल वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में करीब एक घंटे तक नलों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में पानी का दबाव कम है या तकनीकी दिक्कतें सामने आती हैं वहां तत्काल सुधार कार्य कर स्थिति को सामान्य किया जा रहा है। रहली नगर पालिका प्रशासन ने संभावित जल संकट को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी तैयार रखी हैं। जरूरत पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है जिससे किसी भी वार्ड में पानी की कमी न हो। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में नियमित जलापूर्ति से उन्हें काफी राहत मिली है। हालांकि कुछ लोगों ने जल आपूर्ति का समय बढ़ाने की मांग भी की है ताकि सभी परिवारों को पर्याप्त पानी मिल सके।

## बंडा में चना एवं मसूर उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जागरण, सागर।** विकासखंड बंडा के अंतर्गत संचालित सभी चना एवं मसूर उपार्जन केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तौल व्यवस्था, भंडारण व्यवस्था तथा खरीदी प्रक्रिया का जायजा लिया। समिति प्रभारियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही उपज खरीदी करने के स त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज का पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपार्जन सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के बैठने हेतु छाया की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही उपज की गुणवत्ता परीक्षण, नमी माप, तौल कांटे की शुद्धता एवं रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। श्री अहिरवार ने कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अभियान**

### निगमायुक्त ने कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाई आकर्षक कलाकृतियों का लिया जायजा

# पर्यावरण बचाने थ्री-आर की प्रक्रिया बेहद आवश्यक : निगमायुक्त



**जागरण, सागर।** कबाड़ सामग्री से लगातार नई-नई कलाकृतियां बनाकर शहर में थ्री-आर यानि रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के माध्यम से कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित किया जा रहा है। साथ ही, इसके सकारात्मक और सुंदर परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कलाकारों द्वारा पुरानी स्क्रेप सामग्री, लोहा, चद्दर, टीन, रबर, टायर, प्लास्टिक आदि अनुपयोगी पड़ी सामग्री से बनाई कलाकृतियों का जायजा लिया। इन्हें शहर के विभिन्न स्थलों पर स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि इसका मु य उद्देश्य कचरे को कम करने, संसाधनों का सदुपयोग करने और हमारे पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने हेतु आदतों को विकसित करना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए पुरानी कबाड़ वस्तुओं के पुनर्चक्रण, पुनरूपयोग और पुनर्ग्रहण की आदत को अनिवार्य बनाना होगा। इससे अनुपयोगी वस्तुओं को जलाने या पानी में बहाने की अदतों को कम किया जा सकेगा और पर्यावरण संरक्षण में अप्रत्याशित सहयोग मिलेगा। कबाड़ से जुगाड़ पिटारे से निकली कलाकृतियां क्रमशः तीन मढ़िया, राहतगढ़ ब्रिज किनारे स्थापित विशाल तोप, कालीचरण मूर्ति के पास स्थापित मिसाइल, वाणिज्यकर चौराहे किनारे स्थापित विशाल रेडियो लाइव प्रसारण सहित अन्य अद्भुत आकर्षक कलाकृतियां लगातार नागरिकों की प्रेरणा बनी हैं। बुधवार को नवाचार के तहत निगमायुक्त ने शहर में कबाड़ संग्रह वाहन तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह वाहन शहर में डोर टू डोर पहुंचकर लोहा, चद्दर, प्लास्टिक, कपड़े, डिब्बे आदि पुराने कबाड़ स्थिति की सामग्री का संग्रह करेगा और शहर को गार्बेज फ्री सिटी की दिशा में अग्रणी बनाएगा। शहर के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 बेहद महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा है। इस बार सागर को प्रथम स्थान पर लाना ही हम सब का मकसद है। उन्होंने कहा कि शहर पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित हुआ है। नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता और उत्साह है। हमें हर संभव और अनिवार्य प्रयास करते हुए सागर को अग्रणी बनाना है। स्वच्छ सर्वेक्षण में शहरों की रैंकिंग हेतु सर्वे कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

### इलाज कराकर लौटे मरीजों को देंगे उपकरण



**जागरण, सागर।** सहयोग सागर द्वारा मानव सेवा हेतु मरीजों को इलाज के दौरान घर पर जरूरत पड़ने वाले मेडिकल उपकरणों की सहज सुविधा हेतु मुहिम प्रारंभ की गई है। अक्सर अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मरीजों को घर पर देखभाल के लिए महंगे उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। जैसे पलंग गद्दा, पलंग रेलिंग, आईवी स्टेण्ड, एयरबेड व्हीलचेयर, वॉकर, फोल्डिंग सिलेंडर सहित अन्य उपकरण प्राप्त किए जा सकते हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धन के अभाव में किसी भी व्यक्ति का इलाज न रुके। इलाज के दौरान लगने वाले समस्त उपकरण संस्था द्वारा प्रथम 15 दिन के उपयोग हेतु निशुल्क उसके बाद न्यूनतम राशि किराये के रूप में लिया जायेगा। संस्था संचालन चरनजीत टुटेजा, जगदीश सारसर, डॉ.संजय शर्मा, सुनील सराफ, दीपक जैन, राकेश बजाज, विनीत जैन एचपी गैस, नरेंद्र पटेल, भरत पटेल, मनीष जैन के सहयोग द्वारा प्रारंभ किया गया है।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I, LAXMI NARAYAN RAGHUWANSHI, IS FATHER OF ARMY NO- 14657356A, RANK-HAV, NAME-BHAWANI SINGH SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT- VILL-MEHGAWAN, POST-SILWANI, DIST.RAISEN, STATE-MADHYAPRADESH, PIN CODE-464886 HAVE CHANGED MY NAME FROM LAXMI NARAYAN RAGHUWANSHI TO LAXMINARAYAN RAGHUWANSHI AND MY DATE OF BIRTH FROM 01/07/1958 TO 01/01/1960 VIDE AFFIDAVIT DATED 29/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, PRIYANKA, IS SPOUSE OF ARMY NO-4580270F,RANK-HAV, NAME- JAMNIK PRAVIN HIMMATRAO SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT-VPO- GAYVADI, TQ-DARYAPUR, DIST-AMRAVATI, STATE-MAHARASHTRA, PIN-444803 HAVE CHANGED MY NAME FROM PRIYANKA TO PRIYANKA PRAVIN JAMNIK VIDE AFFIDAVIT DATED 29/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, DASHARATH SINH , IS FATHER OF ARMY NO-4576741M, RANK-HAV, NAME-BIHOLA BHARATSINH DASHRATHSINH SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT-VILL-MANEKPUR, TQ-MANSA, DIST.GANDHI NAGAR, STATE- GUJARAT, PIN CODE-382845 HAVE CHANGED MY NAME FROM DASHARATH SINH TO BIHOLA DASHRATHSINH CHHAGUJI VIDE AFFIDAVIT DATED 29/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, KANU BHAI, IS FATHER OF ARMY NO- 4576709X, RANK-HAV, NAME BARIYA GHANSHYAM BHAI KANU BHAI SERVING IN INDIAN ARMY APO, RESIDING AT POST-KHUNWAD, TEHSIL-SANKHEDA, DISTRICT-CHHOTAUDEPUR (VADODARA), STATE-GUJARAT. PIN CODE 391130, HAVE CHANGED MY NAME FROM KANU BHAI TO BARIYA KANUBHAI VIDE AFFIDAVIT DATED 28/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, BIHOLA NANDUBA, IS MOTHER OF ARMY NO-4576741M, RANK-HAV, NAME- BIHOLA BHARATSINH DASHRATHSINH SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT- VILL-MANEKPUR, TQ-MANSA, DIST.GANDHI NAGAR, STATE- GUJARAT, PIN CODE-382845 HAVE CHANGED MY NAME FROM BIHOLA NANDUBA TO NANDUBA BIHOLA VIDE AFFIDAVIT DATED 29/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

## न्यूज कार्नर

### खुलासा : रिश्ते का साला निकला आरोपी



**हटा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवोदय वार्ड में रविवार की दरमियानी रात एक घर में लाखों रुपये की चोरी का मामला सामने आया। फरियादी मोती साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने बड़े भाई की बेटी की शादी में पास के एक मैरिज गार्डन में गए थे जबकि घर पर अन्य रिश्तेदार ठहरे हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घर में ठहरे सभी लोगों, विशेषकर संदिग्ध व्यक्तियों से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ के दौरान हिंडोरिया निवासी मनीष साहू ने अपने एक बाल अपचारी साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और नगदी सहित चोरी गया माल जब्त कर लिया। बताया गया कि मुख्य आरोपी फरियादी का रिश्ते में साला है। पुलिस ने महज दो दिन के भीतर मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### कलश यात्रा निकली

**हटा।** सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण के शुभारंभ अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा चण्डी जी मंदिर से विधिविधान के साथ प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा आयोजन स्थल पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ चल रही थीं जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान कथा यजमान पुरुषोत्तम पन्या, कथा व्यास वीरेंद्र शास्त्री एवं उनके परिजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजन अर्चन कर श्रीमद्भागवत कथा की बैठकी संपन्न कराई गई। कथा के प्रारंभ से पूर्व विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अनुष्ठान किया गया।

## लापरवाही से टपरों का शहर बनता जा रहा हटा

# शासकीय जमीन पर कब्जों की बाढ़, प्रशासन मूकदर्शक

**जागरण हटा।** कभी शांत और व्यवस्थित माना जाने वाला हटा अब तेजी से टपरों का शहर बनता जा रहा है। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जिस पर रोक लगाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है। बीते महज 15 दिनों में ही रातोंरात एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर टपरे खड़े कर कब्जा कर लिया गयाए लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। नगर के खचना नाका, नवीन हाई स्कूल क्षेत्र, संजीवनी क्लीनिक के आसपास, अंधियारा बगीचा पार्क, सिविल अस्पताल परिसर और ककराई इलाके में हाल ही में तेजी से नए टपरे उग आए हैं। हालत यह है कि पूरे शहर में अब एक हजार से ज्यादा टपरे स्थापित हो चुके हैं। हालांकि कुछ गरीब परिवार इन टपरों के सहारे अपनी रोजी रोटी चला रहे हैं लेकिन कई मामलों में पहले कब्जा कर बाद में किराए पर देने का खेल भी सामने आ रहा है। पटेरा रोड निर्माण के दौरान हटाए गए टपरे अब नए ठिकानों पर फिर से बसते दिख रहे हैं जिससे कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका क्रमांक 4139/13 में हाईकोर्ट की युगल पीठ ने कलेक्टर को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नियमानुसार शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए। इसके बावजूद न केवल कार्रवाई अधूरी रही बल्कि गलत रिपोर्ट पेश किए जाने पर अवमानना याचिका (2072/14) भी दायर हो चुकी है। फरवरी 2024 में एसडीएम द्वारा समय मांगने के बाद भी जमीनी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

राजस्व विभाग द्वारा 1000 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं और सुनवाई की समयसीमा भी खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद न तो बेदखली हो रही है और न ही नए कब्जों पर रोक लग पा रही है। दमोह-पन्ना मार्ग, खचना तिराहा, रनेह रोड, गांधी वार्ड, बटियागढ़ रोड और पुराने जनपद कार्यालय के आसपास अतिक्रमण खुलकर नजर आ रहा है।

चंडीजी तलैया और गौरीशंकर तलैया जैसे महत्वपूर्ण जलस्रोत भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। वहीं खचना तिगड्डा और चंडीजी तिगड्डा जैसे व्यस्त इलाकों में राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की निष्क्रियता ने अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। नगर में पर्याप्त शासकीय भूमि खाली होने के बावजूद नगर पालिका का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण अधूरा पड़ा है जिससे राजस्व बढ़ाने का मौका भी हाथ से निकल रहा है।

तहसीलदार आलोक जैन ने मामले में सीएमओ से चर्चा करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जबकि सीएमओ राजेंद्र खरे ने सिर्फ दिखवाने का आश्वासन दिया है। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक हटा में अतिक्रमण का यह खेल चलता रहेगा और प्रशासन कब जागेगा। फिलहाल तो हालात यही बता रहे हैं कि टपरे बढ़ते जा रहे हैं और जिम्मेदार सोते जा रहे हैं।

## कलेक्टर ने सबंधित अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

**दमोह।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई के उपलक्ष्य में 2 मई से 8 मई तक रेडक्रास सप्ताह आयोजित किये जाने के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा सर्व सबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा रेडक्रास की थीम न्दपजमक पद भ्नउंदपजल निर्धारित की गई हैं। उक्तानुसार जिले में विभिन्न स्वास्थ्य एवं जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोहए जिला शिक्षा अधिकारी दमोहए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दमोह, प्राचार्य पीजी कॉलेज दमोह, जिला सैनानी होमगार्ड दमोह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दमोह एवं यातायात प्रभारी दमोह को दिए गए निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा हैं।

**सतधरू डैम के गेट खोले गए**

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर नगर पालिका परिषद दमोह की मांग पर जल संसाधन विभाग द्वारा सदधरू डैम के गेट खोले गए हैं। जिससे व्यारमा नदी पर स्थित जुझारघाट इंटेकवेल से दमोह नगर की पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## जबेरा में आज से दो दिवसीय श्री नरसिंह महोत्सव का शुभारंभ



**जागरण जबेरा।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं श्री नरसिंह सेवा समिति जबेरा के संयुक्त तत्वावधान में आज से दो दिवसीय श्री नरसिंह महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा है। महोत्सव के प्रथम दिवस आज शाम 6 बजे देवालय से कार्यक्रम स्थल खेल ग्राउंड तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें संतगण, कलश यात्रा एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी। सुबह भव्य 21 पंडितों द्वारा हवन पूजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत शाम 7 बजे से 9 बजे तक स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके पश्चात रात 9 बजे से राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार ब्रजेश राव अपनी मनमोहक भजन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर की मधुर प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल एवं आकर्षक लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ेगी। कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु समिति द्वारा विभिन्न कार्यों का दायित्व कार्यकर्ताओं में बांट दिया गया है। श्री नरसिंह सेवा समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

## 3 मई को होगी नीट परीक्षा, तैयारियों को लेकर बैठक आज

**दमोह।** जिले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 3 मई रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा जिले के तीन केंद्रों, केंद्रीय विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में संपन्न होगी। परीक्षा की सुचारू एवं व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 30 अप्रैल गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट दमोह के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई हैं। प्रभारी अधिकारी द्वारा संबंधित सभी अधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है ताकि परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित योजना बनाई जा सके।

## वैशाख बुद्ध पूर्णिमा पर होगा घर-घर गायत्री महायज्ञ

**हटा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 1 मई वैशाख बुद्धपूर्णिमा को पूरे देश एवं विदेशों में एक ही दिन एक ही समय पर 8 से 12 तक घर-घर गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम होगा। लाखों परिजन अपने अपने घरों में 24 गायत्री महामंत्र एवं तीन महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां यज्ञ नारायण भगवान को समर्पित करेंगे। यह प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा, लोककल्याण, आत्मकल्याण, समाज कल्याण, विश्व कल्याण एवं वैश्विक युद्ध की विभीषिकाओं को दूर करने के लिए गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को गायत्री महामंत्र की एक माला जप, गायत्री साहित्य का स्वाध्याय, साप्ताहिक परिवार में सत्संग स्वाध्याय सदाचार को अपने घर में सुख शांति समृद्धि का वास एवं परिवार को संस्कारवान बनाने हेतु समाज में सद्भावना एवं सहयोग की भावना का विकास करना है।

दिनेश दुबे ने बताया सभी परिजन पूर्णमासी पर पूर्व दिशा में देवचित्र ईशान दिशा में कलश स्थापित कर आग्नेय दिशा में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करें। एक थाली में षोडशोपचार पूजन हेतु जलपात्र, रोरू, कलावा, अक्षत, पुष्प, यज्ञोपवीत, पान, सुपाड़ी, धूपबत्ती, ऋतुफल, नैवेद्य आदि पूजन सामग्री रखें। आरती हेतु एक घृतदीप, हवन हेतु साकल्य या घृत, गुड़ एवं आम, पीपल, गूलर, पाकर व पलाश आदि की समिधाएं जो भी मिल सके उसके द्वारा परथिनी या यज्ञवेदी में यूट्यूब मोबाइल पंडित के माध्यम से अपने पूरे परिवार के साथ यज्ञ कर सकते हैं।

## दृष्टि योजना पंख कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में दमोह डिप्टी कलेक्टर आरएल बागरी, संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया, जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. बीके असाटी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आर एल बागरी ने कहा सभी संस्थाओं को अपने अपने क्षेत्रों में बेहतर तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही आपके द्वारा किए गए कार्यों की वर्ष में लगभग दो बार प्रदर्शनी के रूप में प्रजेंटेशन करें ताकि आपके कार्य को प्रदेश और देश स्तर पर प्रशंसा मिल सके। उप संचालक पशुपालन विभाग डॉण् बीके असाटी ने कहा पशुपालन विभाग की महत्वपूर्ण योजना क्षीर सागर योजना हैं जिसके तहत दमोह जिला में 65 ग्राम चिन्हित किए गए हैं, जहां उन ग्रामों को पशुपालन के क्षेत्र में आदर्श ग्राम बना सकें। संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने कहा बिना सामाजिक सहभागिता के विकास की कल्पना अधूरी है।

# जेपी फ्लाई ऐश पॉन्ड से दौड़ रहे भारी वाहन बना है लोगों की जान को खतरा

## ओवरलोड डंपर पलटा, महिला बची, दुकान क्षतिग्रस्त





**बीना जागरण।** क्षेत्र में फ्लाई ऐश परिवहन अब लोगों की जान के लिए खतरा बनता जा रहा है। बुधवार को किरोंद बायपास पर जेपी फ्लाई ऐश पॉन्ड से फ्लाई ऐश भरकर बेगमगंज जा रहा एक ओवरलोड डंफर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान सड़क से गुजर रही एक मोपेड सवार महिला बाल-बाल बच गई, जबकि पास में स्थित संतोष राय की दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंफर तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक फ्लाई ऐश लादे हुए था। मोड़ पर संतुलन बिगड़ते ही वाहन सड़क किनारे खेत में पलट गया और पास की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि चालक और क्लीनर सुरक्षित बच निकले, लेकिन हादसा बड़ा रूप ले सकता था। दुकान संचालक संतोष राय ने बताया कि डंफर सीधे उनकी दुकान पर आ गिरा, जिससे भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए फ्लाई ऐश परिवहन पर नियंत्रण की बात कही। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि जेपी पावर प्लांट के फ्लाई ऐश पॉन्ड से रोजाना सैकड़ों डंफर फ्लाई ऐश लेकर सिरोंज, राहतगढ़ और बेगमगंज की ओर जाते हैं। इनमें से अधिकांश वाहन ओवरलोड होते हैं और तेज रफ्तार में चलते हैं, जिससे सड़कों पर लगातार हादसों का खतरा बना रहता है।

**नहीं लग रही लगाम**

स्थानीय लोगों के अनुसार ओवरलोडिंग को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो पुलिस विभाग और न ही परिवहन विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की। फ्लाई ऐश से भरे ये डंफर अब सड़कों पर चलता खतरा बन चुके हैं।

**हो सकता है बड़ा हादसा**

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फ्लाई ऐश परिवहन में लगे ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा भविष्य में किसी बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता।

## आगासौद रोड स्थित बैटरी की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**बीना जागरण।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आगासौद रोड स्थित एक बैटरी की दुकान में बुधवार को सुबह लगभग 10:30 बजे अज्ञात कारणों से आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर दुकान में रखी बैटरियां, सोलर पैनल, सोलर इनवर्टर सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में दुकान संचालक को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार आगासौद रोड स्थित बीना बैटरी एण्ड ग्लास हाऊस के संचालक हरि साहू की बैटरी दुकान में बुधवार को सुबह लगभग 10:30 बजे अचानक आग लग गई। जब दुकान संचालक मौके पर पहुंचा तो दुकान से धुआं उठता देख तुरंत नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इस दौरान दुकान संचालक ने कर्मचारियों और आसपास के लोगों की मदद से बोरिंग के पानी से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक काफी नुकसान हो चुका था। आग में दुकान में रखा महंगा इलेक्ट्रॉनिक व सोलर उपकरण पूरी तरह जल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दुकान संचालक हरि साहू ने बताया कि घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे उसे भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

# तहसील पहुंचे ग्रामीणों का हंगामा, सड़क निर्माण और अवैध वसूली के लगाए आरोप

## ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार, समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन

**बीना जागरण।** क्षेत्र में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में सड़क निर्माण, शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने और समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर हो रही कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायत की। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के पाल एवं आदिवासी मोहल्ले में 1500 से अधिक लोग निवास करते हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए अब तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है। कच्चे रास्ते पर अतिक्रमण होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। वहीं समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर किसानों से प्रति क्विंटल अवैध वसूली किए जाने की बात भी सामने आई।





ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन के दौरान तहसीलदार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों की जांच कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिससे तहसील परिसर में कुछ समय के लिए गहमागहमी का माहौल बना रहा।

### आज मनाया जाएगा भगवान नरसिंह का प्रकट उत्सव

**बीना जागरण।** खिरिया वार्ड स्थित नरसिंह मंदिर में आज गुरूवार को भगवान श्री नरसिंह देव का प्रकट उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रातः 5 बजे भगवान का विशेष अभिषेक किया जाएगा, वहीं शाम 7 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होगा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान नरसिंह देव के दर्शन वर्ष में केवल एक बार प्रकट उत्सव के दिन ही होते हैं, जिसके चलते इस दिन का विशेष महत्व माना जाता है।

इसी कारण दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं और बहनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान के दर्शन करें और इस पावन अवसर पर अपने जीवन को धन्य बनाएं। मंदिर परिसर में आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# मंडीबामौरा में समर्थन मूल्य खरीदी पर मचा बवाल, किसानों ने किया चक्काजाम

## तुलाई में देरी, सेटिंग एवं अवैध वसूली के आरोप, 3 से 5 घंटे तक सड़क जाम



**बीना जागरण।** मंडी बामोरा में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर बुधवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। अव्यवस्थाओं, तुलाई में देरी और कथित अवैध वसूली से नाराज किसानों ने मंडी बामोरा रोड पर चक्काजाम कर दिया। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ जाम तीन से पांच घंटे तक जारी रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल, तहसीलदार डॉ.अंबर पंथी सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और किसानों से बातचीत कर स्थिति को संभाला। अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष खरीदी और शिकायतों की जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम समाप्त हुआ। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्र पर उनकी ट्रालियां चार से पांच दिन से कतार में खड़ी हैं, लेकिन सेटिंग के जरिए बाद में आने वाले किसानों की उपज पहले तौली जा रही है। इससे दूर-दराज से आए किसानों को खुले में कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक ट्राली से एक हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है और पैसे देने वालों का अनाज पहले तौला जा रहा है। बताया गया कि जिस वेयरहाउस में खरीदी हो रही है, वह एक भाजपा नेता का है, जिसे लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी गई। इधर प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार विवाद के पीछे एक अन्य कारण भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक कुछ असामाजिक तत्वों ने शराब के नशे में हम्मालों व समिति कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की। जिसके चलते हम्मालों ने काम बंद कर दिया और स्थिति बिगड़ गई। मौके पर नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार, मंडी बामोरा चौकी प्रभारी, आरआई व पटवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**इनका कहना है**

समिति द्वारा टोकन के आधार पर शांतिपूर्ण तरीके से तुलाई की जा रही थी। कुछ राजनीतिक लोगों ने शराब के नशे में हम्मालों के साथ अभद्रता की, जिससे उन्होंने काम बंद कर दिया।

**कुलदीप ठाकुर**
**समिति प्रबंधक, मंडी बामोरा**



सुपर चैम्पियन कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेन्ट का हुआ भव्य शुभारंभ

# रोमांचक मैचों में डी-स्टार-श्रीराधे ने अपने दोनों मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**जागरण, गंजबासौदा।**

शहर के वारिष्ट शिक्षक एवं क्रिकेट प्रेमी स्वर्गीय कपिल तिवारी की पावन स्मृति में आयोजित सुपर चैंपियंस कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ टी.टी. जैन पाठशाला ग्राउंड बीती रात्रि किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में बासौदा, ग्यारसपुर, सिरोंज, कुरवाई, राहतगढ़, खुरई, बीना, सागर, विदिशा के खिलाड़ी अपने हुनर का दम प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीतने के लिए लगाएंगे। इस टूर्नामेन्ट में विजेता टीम को 2 लाख रूपये और उपविजेता टीम को 1 लाख रूपये एवं ट्रॉफी प्रदान की जायेगी।



मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, राष्ट्रीय संत एवं कथावाचक डॉ.अभिषेक कृष्ण शास्त्री सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें पहला मैच डी-स्टार बनाम ओधव एंटरप्राइजेज, निक्की मोबाइल के बीच खेला गया जिसमें डी स्टार की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। ओधव एंटरप्राइजेज की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 45 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाजगोलू मीना ने अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा 15 रन बनाए। डी-स्टार ने सिर्फ 3 ओवर और 2 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया। जागृत मिश्रा ने 18 रन बनाए। राहतगढ़ के सोहिल मंसूरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रात्रि कालीन खेल प्रतियोगिता का दूसरा मैच आर्दित इंडियन बनाम जय श्री राधे टीम का मध्य खेला गया। जय श्री राधे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पहले बैटिंग करने आई आर्दित इंडियन ने बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 79 रन बनाए, जिसमें राहुल चंदेल ने व्यक्तिगत 29 रनो की पारी खेली। 80 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय श्री राधे की टीम ने मात्र 5 ओवर 4 गेंदों में रन चेस किया जिसमें मुकुंद अग्रवाल ने शानदार 35 रनों की पारी खेली। तीसरा मैच द स्टार और जय श्री राधे के मध्य खेला गया, जय श्री राधे ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया पहली इनिंग में डी स्टार ने आठ ओवर में 98 रन का लक्ष्य टीम जय श्री राधे को दिया जिसमें आमिर ने व्यक्तिगत 38 रन की पारी खेली, बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय श्री राधे की टीम ने आठ ओवर में 97 रन बना पाए इस मैच को टीम दी स्टार ने एक रन से जीता, इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आमिर को दिया गया। टूर्नामेंट का चौथा मैच आर्दित इंडियन ओर उद्धव एंटरप्राइज निक्की मोबाइल के मध्य खेला गया जिसमें आर्दित इंडियन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहली इनिंग में दिन का सबसे बड़ा स्कोर आठ ओवर में 128 रन बना दिए जिसमें दौलत पोलार्ड विदिशा ने कप्तानी पारी खेलकर व्यक्तिगत 58 रन बनाएं। बड़े लक्ष्य को पूरा करने आई उद्धव एंटरप्राइज निक्की मोबाइल केवल 6 ओवर एक वॉल पर 41 रन पर ऑल आउट हो गई इस मैच को विदिशा अर्जित इंडियन ने 87 रन से जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कप्तान दौलत पोलार्ड विदिशा रहे। दिन का पांचवा मैच जय श्री राधे और टीम आर्दित इंडियन के मध्य खेला गया जिसमे टीम जय श्री राधे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया पहली पारी में टीम आदित्य इंडियन ने 8 ओवर में 80 रन का टारगेट टीम जय श्री राधे को दिया जिसमें कौशिक बिना ने 21 रन की पारी खेली।

दूसरी पारी में टीम जय श्री राधे ने बिना कोई विकेट गवे इस रन कोके किया मात्र 5 ओवर 4 गेंदों में जिसमें मुकुंद अग्रवाल ने 45 रन की पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुकुंद अग्रवाल को दिया गया।

# खेतों की काली मिट्टी उठाकर बनाया जा रहा ग्रेवल रोड



## शुरुआत में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा ग्रेवल रोड

**जागरण, सिरोंज।** काफी दिनों से ग्रामीणों की मांग पर बागरोदा से वीरपुर होते हुए रफ़सोल तक रोड की मांग चली आ रही थी। जिस पर कुरवाई विधायक के प्रयास से ग्रेवल रोड मंजूर हुआ। जिसकी लागत करोड़ों में है जिसका निर्माण कार्य आरईएस विभाग के अंतर्गत करवाया जा रहा है वही रोड निर्माण में शुरुआत में ही अनियमिताएं देखने को मिल रही है वही ग्रामीण इसकी शिकायत ठेकेदार के लोगों से कर चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की जा रही रोड बिना सीमांकन के ही डाला जा रहा है जोकि कही सकड़ा ओर कहीं चौड़ा डाला जा रहा है, जिसमें मिट्टी से बनने वाली सीट लगभग लगभग कंप्लीट हो गई है, जिसमें खेतों में से उठाकर काली मिट्टी रोड पर डाल दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार काली मिट्टी ग्रेवल रोड में लगाने पर प्रतिबंध है ऊपर से इसको दबाने के लिए हल्की सी पीली मिट्टी डाली जा रही है जिससे काली मिट्टी न दिखे सके वही रोड के दोनों साइड खानतीया खोद दी गई जो कि खाई रूप में दिखाई दे रही है। वही जिस विभाग पर इसकी देखरेख की जिम्मेदारी है, उनके जिम्मेदार भी दिखाई नहीं दे रहे है, अगर जिम्मेदार मौके पर जाकर समय पर निरीक्षण करते तो यह अनिवार्यताएं उनको दिखती और रोड बनाने में मनमानी ठेकेदार द्वारा की जा रही है उसे पर रोक लगाती क्योंकि बरसों बाद रोड बनते हैं जो कि अधिकारियों की और ठेकेदार की मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। जिसका खामियाजा उस रोड को इस्तेमाल करने वाले ग्रामीण और राहगीरों को भुगतना पड़ता है और जनता के टैक्स के पैसों की बर्बादी होती हे ओर बंदरवाट किया जाता है। इस संबंध मे आरईएस विभाग के राहुल धाकड़ से बात की गई तो वह भड़कते नजर आए।

## पुलिया निर्माण में भी देखी जा रही अनियमितताएं

वहीं इस रोड के बीच में वीरपुर के पास पूर्व में पंचायत द्वारा पुलिया निर्माण किया गया था जिसमें पाइप का इस्तेमाल किया गया था ठकेदार द्वारा पुराने पुलिया में लगे पाइप की दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा था, जो की टूटे-फूटे थे। दैनिक जागरण द्वारा खबर प्रशासन के बाद उन पुराने पाइप को हटवाया गया और नए पाइप मंगवाए गए, लेकिन इस पर भी ग्रामीणों का कहना है कि जो पुलिया बन रही है वह छोटी है वही पानी बहुत ज्यादा आता है जो की पुलिया के साइड में होकर गुजरता है। जिससे रोड का कटाव हो जाएगा वहीं पुलिया को बड़ी बनवाई जाए और ज्यादा पाइप डलवाया जाए, लेकिन ठेकेदार लागत कम लगे इसको देखते हुए छोटी पुलिया या पुरानी पुलिया के ऊपर ही पुलिया निर्माण कर रहे हैं। वही जिम्मेदार ऑफिस में बैठकर खाना पूरी कर देते हैं और ठेकेदारों को पेमेंट हो जाता है।

अभी काम रुका पड़ा हुआ है बिना सीमांकन के कैसे काम हो सकता है अगर काम चल रहा है तो मैं उसको दिखाता हूं।

**हरिशंकर विश्वकर्मा**
**अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज**

अभी अर्थवर्क का काम चल रहा है उसमें मिट्टी का इस्तेमाल होता है अभी काम कंप्लीट थोड़ी हुआ है।

**राहुल धाकड़**
**एसडीओ आरईएस विभाग**

# ग्राम झुकर जोगी में मृत्युभोज छोड़ परिवार ने दिखाई बदलाव की राह

**जागरण, लटेरी।** विदिशा जिले के ग्राम झुकर जोगी से एक ऐसी खबर सामने आई है, जो केवल शोक नहीं, बल्कि समाज की गहरी पीड़ा और उससे निकलने का साहस भी बयान करती है। स्व. श्री कमर लाल जी आदिवासी (सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर) के निधन के बाद उनके परिवार ने बारहवीं (मृत्युभोज) जैसी प्रथा को त्यागकर एक मजबूत सामाजिक संदेश दिया है।17 अप्रैल 2026 को हुए निधन के बाद शोकाकुल परिवार, गोपाल सिंह, ब्रजेश सिंह, सुनील कुमार आदिवासी, महेंद्र कुमार एवं समस्त परिजन ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया कि वे शोक को दिखावे और खर्च में नहीं बदलेंगे। परिवार ने उस कड़वी सच्चाई को सामने रखा, जिसे समाज अक्सर अनदेखा कर देता है। मृत्युभोज जैसी प्रथाए गरीबों के लिए श्रद्धा नहीं, बल्कि कर्ज का जाल बन जाती हैं। कई परिवार अपनों के जाने के बाद भी चैन से रो नहीं पाते, क्योंकि उन्हें समाज के डर में कर्ज लेना पड़ता है, जमीन गिरवी रखनी पड़ती है, और कभी-कभी जीवनभर की कमाई एक दिन के दिखावे में खत्म हो जाती है।



एड. सुनील कुमार आदिवासी ने भावुक शब्दों में कहा कि पिताजी का जीवन सादगी और समाज सेवा का प्रतीक रहा। हमने अपने आसपास कई परिवारों को टूटते देखा है। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम ऐसी प्रथाओ को बदलें, जो गरीबों पर बोझ बनती हैं। परिवर्तन की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी। परिवार ने समाज से अपील भी की थी कि कोई भी उपहार, कपड़े या सामग्री न लाए, केवल संवेदना और साथ लेकर आए। 28 अप्रैल 2026 को आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि, गंगा पूजन, वृक्षारोपण और सादगीपूर्ण प्रसादी का आयोजन किया गया, जहाँ लोगों को एक नए विचार से जुड़ने का अवसर मिला, शोक में दिखावा नहीं, बल्कि संवेदना हो। यह पहल सिर्फ एक परिवार का निर्णय नहीं, बल्कि उन अनगिनत गरीब परिवारों की आवाज़ है, जो प्रथाओ के बोझ तले दबे हैं। मृत्युभोज में खर्च नहीं, गरीब का दर्द दिखता है। हमने इस दर्द को समझकर प्रथा बदली। यही सच्ची श्रद्धांजलि है।

# 9 कुंडीय श्रीराम यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**जागरण, गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम मूड़रा मेवली में बुधवार को 9 कुंडीय श्रीराम यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश रखकर सहभागिता की। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। 30 अप्रैल से 4 मई तक प्रतिदिन यज्ञ अनुष्ठान व कथा का वाचन होगा जबकि 5 मई पूर्णाहुति एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

मालूम हो कि समीपस्थ ग्राम मेवली मूडरा में पहली बार यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। करीब 2 महीने से यज्ञ की तैयारी व्यापक स्तर पर की जा रही थीं। यज्ञ के प्रारंभ में निकली भव्य कलश यात्रा में बुधवार को प्रायश्चित्त, जलयात्रा एवं पंचांग पूजन के यज्ञ मंडप में प्रवेश हुआ। गुरुवार को देव स्थापन, पूजन के साथ यज्ञ वेदियों में अग्नि स्थापन की जाएगी। शुक्रवार को देवपूजन एवं ग्रह शांति, आहूति, हवन प्रारंभ होगा। शनिवार 2 मई को देवपूजन, हवन, रविवार 3 मई को देवपूजन, हवन, सोमवार 4मई को देवपूजन, मंगलवार 5 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा। यज्ञ आचार्य पं.मिथिलेश शास्त्री द्वारा संपन्न कराया जा रहा है वहीं कथा के मुख्य यजमान रामकृष्ण रघुवंशी हैं और यज्ञ के मुख्य यजमान मुकेश रघुवंशी हैं।



इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक पं. तरुण महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, 29 अप्रैल से 5 मई तक चलने वाले इस महायज्ञ और कथा में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन होगा। कलश यात्रा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में धर्मालु श्रद्धालु मौजूद रहे। यज्ञ एवं कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## गर्भवती पत्नी का गला घोटकर हत्या

**जागरण,छतरपुर।** थाना चंदला के अंतर्गत ग्राम बलकौरा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है यहा शराब के नशे में पप्पू अहिरवार ने अपनी गर्भवती पत्नी अंजली अहिरवार की नशे में हत्या कर दी। पप्पू अहिरवार अपनी पत्नी अंजली अहिरवार से इसलिए नाराज था क्योंकि वह बीडियों वना रही थी इसलिए उसने शराब के नशे में रात को धारदार हथियार से गला रेत कर दी और थाने जाकर हाजिर हो गया सुबह जैसे ही इस मामले की जानकारी परिवार के लोगों को लगी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को जानकारी दी जानकारी लगने पर एसडीओपी लवकुशनगर नबीन दुबे और चंदला थाना प्रभारी टीआई श्रद्धा शुक्ला मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदला भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक अंजली के दो छोटे बच्चे है जबकि तीसरा बच्चा उसके पेट में पल रहा था उधर पुलिस ने यह दावा किया है कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया गया है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम शहजाद खान पिता यासीन खान (SHAHJAD KHAN S/o YASEEN KHAN) है और इसी नाम से मेरा आधार कार्ड क्र. 2922××××6130, पेनकार्ड क्र. CHJP××929E, समग्र परिवार आईडी एवं जिला पुलिस बल टीकमगढ़ में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं किंतु मेरी हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 1995 में मेरे नाम की स्पेलिंग SHAHJAD KHAN के स्थान पर SHAJAD KHAN हो गया जिसे SHAHJAD KHAN ही पढ़ा, समझा और शासकीय, शासकीय दस्तावेजों में अंकित किया जाये एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 1997 में मेरा नाम SHAHJAD KHAN के स्थान पर SHAHJAD KHAN PATHAN हो गया एवं पिता के नाम भी YASEEN KHAN के स्थान पर YASEEN KHAN PATHAN हो गया जिसे SHAHJAD KHAN पिता का नाम YASEEN KHAN पढ़ा, समझा और शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में अंकित किया जाए। सूचनाकर्ता - शहजाद खान पिता यासीन खान (SHAHJAD KHAN S/o YASEEN KHAN ) निवासी-मोटे का मुहल्ला, हनुमंत स्कूल के आगे, राईन पैलेस के पास टीकमगढ़ म.प्र.।

ड्रग अधिकारी को मेडिकल स्टोरों की जांच करने के निर्देश दिए

# कलेक्टर ने चिन्हित अपराधों में आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के पूरे प्रयास करने के निर्देश दिए

**जागरण,छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति, जनजाति निवारण की त्रैमासिक बैठक, चिन्हित सनसनीखेज अपराध की समीक्षा, नारकोटिक्स, दोषमुक्त प्रकरणों एवं जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी अगम जैन, एएसपी आदित्य पटले, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, ट्रैफिक प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी एवं शासकीय एवं अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने सनसनीखेज अपराधों के प्रकरणों की मॉनिटरिंग करते हुए केसों के सकारात्मक निराकरण के प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केसों में संबंधित आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास करें। पूरी तैयारी से इन्वेस्टिगेशन करें और साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत करें। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाएं। कलेक्टर ने वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति जनजाति के पीड़ित हितग्राहियों के प्राप्त एवं स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि कुल 940 प्राप्त प्रकरणों जिसमें से 669 प्रकरणों में राशि 332.57 (लाखों में) भुगतान की गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के लिये भुगतान राशि आवंटन के लिए मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरणों की समीक्षा में लंबित 1953 प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराने के निर्देश विशेष लोक अभियोजन अधिकारी को दिये गये।




### नशा मुक्ति के लिए जनजागरुकता बढ़ाएं

नारकोटिक्स की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति की शपथ एवं जनजागरुकता कार्यक्रम विद्यालयों में आयोजित किए जाएं। कलेक्टर ने ड्रग अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोरों में दवाईयों की जांच करें। साथ ही नशे से संबंधित एवं प्रतिबंधित दवाईयां मिलने पर संबंधित का लाइसेंस निरस्त करें।

### पीएम एवं एमएलसी रिपोर्ट लंबित होने पर बीएमओ नौगांव की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

कलेक्टर ने मेडलेपार की समीक्षा में पीएम एवं एमएलसी रिपोर्ट पूरे ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों में लंबित रखने पर नौगांव बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि पीएम रिपोर्ट एवं एमएलसी रिपोर्ट बीएमओ के स्तर पर लंबित न रहे। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए कि पन्ना नाका एवं छत्रसाल चौक पर चौड़ीकरण के लिए विशेष व्यवस्था बनाएं। ताकि लगने वाले जाम की स्थिति से निजात मिल सके। इसके अलावा सड़क किनारे लगने वाले बाजारों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो बाजार अभी तक सड़कों से हट कर अन्य स्थानों पर शिफ्ट नहीं हुए है। उन्हें कड़ाई से तत्काल शिफ्ट कराएं। उन्होंने महोबा रोड एवं संकट मोचन के पास लगने वाले बाजार को शिफ्ट कराने के नगरपालिका को निर्देश दिए।

# मांगों को लेकर पटवारी संघ का अनोखा विरोध

**जागरण,टीकमगढ़।** जिले में लंबित मांगों को लेकर पटवारी संघ का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। बुधवार को बल्देवगढ़ तहसील में संघ के पदाधिकारी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने पहुंचे, जहां उन्होंने विरोध का ऐसा तरीका अपनाया जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज पटवारियों ने तहसीलदार के समक्ष नाक रगड़कर विरोध दर्ज कराया और जल्द समाधान की मांग उठाई। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान समारी के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर आश्वासन तो दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे पटवारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में समयमान वेतनमान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। पदाधिकारियों के अनुसार जिले के कई पटवारियों को 10, 20, 30 और 35 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद भी समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिला है। इसके साथ ही पुराने महंगाई भत्ते (डीए) के एरियर का भुगतान भी कई स्थानों पर लंबित है, जिसे तत्काल जारी करने की मांग की गई है। इसके अलावा संघ ने नए नियुक्त पटवारियों के नियमितीकरण का मुद्दा भी जोरशोर से उठाया। उनका कहना है कि संविदा अवधि पूरी होने के बावजूद कई पटवारियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है, जिससे उनके भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। संघ ने प्रशासन से तय समय सीमा में इस प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की है। चंद्रभान समारी ने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर पूर्व में कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। उस दौरान कलेक्टर द्वारा एसडीएम और तहसीलदारों को संबंधित जानकारी की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति सामने नहीं आई है। इसी निराशा के चलते अब पटवारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति अपनाई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो जिले की सभी तहसीलों में इसी तरह विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। साथ ही आंदोलन को और तेज करने की भी बात कही गई है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन के सामने एक बार फिर कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को गंभीरता से हल करने की चुनौती खड़ी कर दी है।



# कलेक्टर की शिकायत पर कमिश्नर ने बिजावर जनपद सीईओ को किया निलंबित,जिला पंचायत किया अटैच

**जागरण,छतरपुर।** जनपद पंचायत बिजावर मे पदस्थ सीईओं अंजना नागर को कमिश्नर सागर ने गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के चलतें निलबिंत कर दिया है। क्योंकि कलेक्टर द्वारा एक रिपोर्ट कमिश्नर को भेजी गई थी और कलेक्टर की रिपोर्ट को आधार मानकर कमिश्नर नें यह कार्यवाही की है आपकों बता दें कि सीईओ अंजना नागर पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं प्रशासनिक लापरवाही और अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप है निलबंन अवधि में उन्हें जिला पंचायत छतरपुर अटैच किया गया है। उनके द्वारा नन्दंन फलोंउदयान योजना में भारी गड़बड़ी की गई थी जिसमें ग्राम पंचायत अनगौर में कोई काम नहीं हुआ था और भुगतान कर दिया था इसके अलावा मुख्यालय पर ना रहना, वाहन की लॉक बुक वा टूर डायरी का सही संधारण ना करने के भी आरोप है ग्राम रोजगार सहायकों के मानदेय का भुगतान निलबिंत रखना और बिना आदेश के कर्मचारियों की पदस्थापना संलग्नीकरण सहित और भी कई गंभीर आरोप है लोकायुक्त भोपाल में पेशी से अनुपस्थित रहना कारण बताओं नोटिस का जबाव ना देना उनकी आदत थी इन तमाम गंभीर आरोपो को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के पत्र के आधार पर कमिश्नर ने प्रथम द्रष्टया मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन पाया इसी आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा बर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 5 के तहत निलबंन आदेश जारी किया है। श्रीमती नागर द्वारा ग्राम रोजगार सहायकों को अपने स्तर से ही बिना किसी सक्षम आदेश के जनपद पंचायत में सबद्ध किया गया है, कार्यालय जनपद पंचायत नौगाँव के आदेश दिनांक 03-12-2021 के द्वारा अन्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री संतोष सिंह लेखापाल एवं श्री शिवदयाल अरजरिया पीसीओ को आउट सोर्स कर्मचारी के रूप में जनपद पंचायत से पारिश्रमिक भुगतान के अध्याधीन कार्यालय जनपद पंचायत में संबद्ध किया गया। श्री आकाश शर्मा सहायक ग्रेड-3 को 03 वर्ष 09 माह की अवधि तक अनाधिकृत अनुपस्थित होने के उपरांत भी नियम विरूद्ध तरीके से ज्वाईन करा लिया गया।

## कार्यालय नगर परिषद कारी जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

Email-cmokari@mpurban.gov.in

क्रमांक/ / न.परि./निविदा/2026 541 | कारी दिनांक 27/4/26

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 503878 _1 | वार्ड क्र. 03 राजू अहिरवार के मकान से मैन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 1-01 माह<br>2-186679/- | 1-1000/-<br>2-3750/- | 15/05/2026 |

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कारी
जिला-टीकमगढ़ ( म.प्र. )

### पिट्ठू चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम में चयन

**जागरण, इटारसी।** ग्राम बघवाड़ा के होनहार खिलाड़ी ख्वाब लोवंशी का चयन तीसरे जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की जूनियर टीम में हुआ है। ख्वाब अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन करेंगे। जिला पिट्ठू संघ के अध्यक्ष अशोक मालवीय ने बताया कि ख्वाब लोवंशी की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

### नपाध्यक्ष ने ठेकेदारों को दिए कड़े निर्देश

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। वार्ड 25 में राजू कुचबंदिया से खरे के मकान तक बन रही सड़क का निरीक्षण पार्षद शुभम गौर के साथ किया। ठेकेदार पुनीत मालवीय को सामग्री की गुणवत्ता बेहतर रखने, सड़क के दोनों ओर बेरीकेडिंग करने और जूट के बोरों का उपयोग कर उचित तराई सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई।

# खेतों की आग घरों तक पहुंची, सैंकड़ों क्विंटल अनाज और कई कृषि यंत्र जले

## जिले में थम नहीं रहा आग का तांडव, आए दिन हो रहीं घटनाएं, विदिशा के समीपी गांव अरवरिया में आग से लाखों का नुकसान, कई घंटों बाद बुझी आग

जागरण विदिशा



जिले के समीपस्थ ग्राम अरवरिया में बुधवार को खेत की आग गांव तक पहुंच गई। इस भीषण आग में खेतों में खड़े कई कृषि यंत्र, हार्वेस्टर आग की चपेट में आए। वहीं सैंकड़ों क्विंटल अनाज भी जल गया। कुछ घर भी आग से प्रभावित हुए हैं। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड पहुंची। कई घंटों के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में करीब 12 बजे के आस-पास दूसरे गांव से खेतों से जलती हुई आग गांव के समीप आ पहुंची। इस दौरान अफरा-तफरा मच गई। ग्रामीण अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। जबकि फायर ब्रिगेड करीब आधा घंटे के बाद मौके पर पहुंची। जब तक आग अपना भीषण रूप ले चुकी थी। गांव में रखा अनाज आग में खाक हो गया। इस आग में करीब 3 हार्वेस्टर चपेट में आए। जिनके टायर व अन्य सामान जल गया। अन्य कृषि यंत्रों के अलावा भी अन्य वाहन भी सिंचाई के पाइप सहित घरों में रखा गेंहू आदि आग की भेंट चढ़ गए।

सूचना पर एसडीएम क्षितिज शर्मा, पुलिस प्रशासन आदि कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। मौका मुआयना एवं नुकसान की स्थिति का आंकलन किया जा रहा है।

### किसानों की आखों के सामने सबकुछ खाक हो गया

किसान रेवा राम बघेल ने बताया कि इस आग से करोड़ों रूपये का नुकसान हो गया प्रशासन ने नरवाई की आग पर रोक लगाई इस वजह से दूसरे जगह से आग आई ओर आंखों के सामने सबकुछ जलकर खाक हो गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पास के इलाके से उठी आग तेज हवाओं के साथ यहां पहुंची और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में हालात इतने बिगड़ गए कि लोग सिर्फ अपनी जान बचाने में जुट गए।

### प्रशासन खरीदे हमारा जला हुआ गेंहूं: सरपंच

इस दौरान गांव के सरपंच प्रमोद मिश्रा ने बताया कि सब कुछ जलकर खाक हो गया अब हम चाहते हैं प्रशासन जला हुआ गेहूं खरीदने में मदद करें। वहीं किसान आयुष बघेल बोले कि दमकल को फोन लगाया बहुत देर बाद पहुंची यदि समय रहते दमकल पहुंचती तो आग पर काबू पाया जा सकता था और आग इतनी भीषण नहीं होती। भारी नुकसान से भी बचा जा सकता था। इस संबंध में एसडीएम शर्मा कहना है कि आग बहुत भीषण थी कारणों का पता किया जा रहा है आग क्यों लगी।

## न्यूज कार्नर

### राजेश बने विदिशा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी



**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मंदसौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश रघुवंशी को विदिशा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी बनाया गया है। इसके पूर्व लगभग तीन वर्षों से पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर यह जिम्मेदारी निभा रहे थे। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया की संगठन सृजन अभियान के तहत लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पायलट प्रोजेक्ट के तहत मध्यप्रदेश में विदिशा को प्रथम जिले के तहत चुना गया है, संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने एवं आगामी वर्ष में होने वाले नगर पालिका चुनाव एवं 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मध्यनजर यह नियुक्ति की गई है। रघुवंशी को जिला कांग्रेस का प्रभारी बनाएं जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधाई दी ह। बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, हृदय मोहन जैन, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, कमल सिलाकारी, रणधीर सिंह ठाकुर, वसंत जैन, महेंद्र वर्मा, आनंद प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

### न्यायालय परिसर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



**कुरवाई।** भीषण गर्मी में न्यायालय एवं पुरानी तहसील आने वाले अधिवक्ताओं व पक्षकारों को पीने के पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए मंगलवार को न्यायालय परिसर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ संजय कुमार सैनी, नवीन कुमार जैन, बैजनाथ सिंह गुर्जर एडवोकेट्स मित्र मंडली के सौजन्य से लगाया गया। इसका शुभारंभ अभिभाषक संघ कुरवाई के संरक्षक एवं मार्गदर्शक मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मंडल के सर्वश्री कदीर खान पठान एडवोकेट, वीरेंद्र कुमार जैन एडवोकेट, राजमल जैन एडवोकेट तथा शमशुल हसन हाशमी एडवोकेट को आयोजकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर प्याऊ का शुभारंभ कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अलीमुद्दीन खान एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश तिवारी भी उपस्थित रहे। अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कार सहित 70 पेटी अवैध शराब जब्त

**विदिशा।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पठारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार को 70 पेटी अवैध शराब और एक थार कार जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 23.50 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति सफेद रंग की थार कार में अवैध शराब लेकर त्योंदा से पठारी की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम बरखेड़ा के पास घेराबंदी की और वाहन चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई।

## मंडी में किसानों एवं व्यापारियों की समस्या को दैनिक जागरण ने उठाया था प्रमुखता से

# हटाना पड़ी तेवड़ा नीलामी पर लगी रोक किसका था आदेश, बना हुआ है रहस्यमयी

जागरण विदिशा

जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी में तेवड़ा फसल की नीलामी पर अचानक रोक लगा दी थी। करीब 12 दिन तक तेवड़ा की नीलामी पर रोक लगी रहने से व्यापारी व किसान सभी हैरत में थे, दैनिक जागरण ने जब इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो अब यह रोक हटा दी गई है। कई दिनों तक बंद रही तेवड़ा की नीलामी अब अनाज मंडी में पुनः शुरू हो गई है। बड़ा सवाल यही कि आखिर तेवड़ा की नीलामी पर सिर्फ विदिशा अनाज मंडी में ही यह रोक क्यों लगाई गई यह अभी भी रहस्यमयी बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार करीब एक पखवाड़े पूर्व मंडी में अचानक तेवड़ा फसल के विक्रय नीलाम कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसकी नीलामी न होने से किसानों ने भी मंडी में तेवड़ा लाना बंद कर दिया और उन्हें अन्य स्थानों पर तेवड़ा बेचने को मजबूर होना पड़ा। अनाज व्यापारी भी इस बात पर अचरज में थे कि आखिर किसके आदेश पर तेवड़ा की नीलामी पर रोक लगाई गई। इस संबंध में मंडी बोर्ड व शासन स्तर पर भी किसी तरह के आदेश



आयोजन 22 अप्रैल को

जागरण विदिशा

विदिशा, 21 अप्रैल 2026 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com

पराली जलाने पर 10 किसानों

तेवड़ा की बोवनी पर रोक नहीं, लेकिन खरीदी में अड़ंगा, हर तरफ किसान पर मार

विदिशा मंडी में अचानक लगा दी तेवड़ा की नीलामी पर रोक, संशय में व्यापारी व किसान

सिर्फ विदिशा मंडी में ही नीलामी प्रतिबंधित

इनका कहना है

न होना व्यापारी मान रहे थे। इस पर दैनिक जागरण ने 21 अप्रैल के अंक में 'विदिशा मंडी में अचानक लगा दी तेवड़ा की नीलामी पर रोक, संशय में व्यापारी व किसान' शीर्षक से इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशन के बाद नीलामी पर लगी यह रोक अब मंडी प्रशासन ने हटा दी है और मंडी में तेवड़ा की नीलामी पुनः शुरू हो चुकी है। मंडी कर्मचारियों के मुताबिक गत शुक्रवार को इस संबंध में मंडी में इस नीलाम के शुरू होने की उद्घोषणा भी कराई गई।

### इधर व्यापारी भी रहे संशय में...

अनाज व्यापारियों के मुताबिक मंडी में फरवरी माह से लगातार तेवड़ा की आवक होती रही है और करीब 5 हजार क्विंटल से अधिक की तेवड़ा की खरीदी व्यापारियों द्वारा की जा चुकी है। वहीं पूर्व वर्ष का करीब 10 हजार क्विंटल तेवड़ा का स्टॉक भी व्यापारियों के पास था। ऐसे में तेवड़ा की यह नीलामी अचानक रोक दिए जाने से व्यापारी भी खरीदे गए तेवड़ा को लेकर संशय में बने

### हैरत यह रही कि जिले की अन्य मंडी में ऐसे कोई आदेश नहीं हुए

मालूम हो कि तेवड़ा की नीलामी का यह कार्य मंडी में पिछले माहों से निरंतर जारी था, लेकिन करीब 15 दिवस पूर्व तेवड़ा की नीलामी पर सख्ती से रोक लगा दी गई थी। व्यापारियों के मुताबिक यह रोक क्यों लगाई गई इस संबंध में मंडी प्रशासन द्वारा व्यापारियों को कोई लिखित आदेश, निर्देश नहीं बताए गए, जबकि विदिशा जिले की अन्य मंडियों में तेवड़ा की नीलामी पर किसी तरह की रोक नहीं लगी थी।यहां तक प्रदेश में किसी भी मंडी में इस तरह के आदेश नहीं थे। करीब 12 दिन तक किसान अपने तेवड़ा के विक्रय को लेकर परेशान होते रहे।

### पूर्व में भी हुए थे इस तरह के प्रयास

मालूम हो करीब छह वर्ष पूर्व भी तेवड़ा को लेकर इस तरह की स्थिति बनी थी जब तेवड़ा की खरीदी बंद करने की सभी औपचारिकताएं पूरी की गई थी। उस दौरान यह बताया गया था कि तेबड़े से हड्डी संबंधी बीमारियां होने के कारण देश के कई प्रदेशों में तेबड़ा पर प्रतिबंध है। इसी के तहत अब प्रदेश में भी इसकी खरीदी पर रोक लगाई जा रही है। उस दौरान शासन के आदेश के बाद भी किसी तरह के दावे आपत्तियां नहीं आई थी। जबकि इस वर्ष ऐसी कोई गतिविधियां सार्वजनिक नहीं हुई और इसके बाद अचानक रोक लगा दी गई थी।

हुए थे, अब नीलामी शुरू हो जाने से मंडी में अब किसान तेवड़ा लेकर आने लगे हैं। व्यापारियों के मुताबिक पिछले दिनों तेवड़ा की नीलामी पर रोक लगा देने से अब तेवड़ा की आवक काफी कम हो गई है।

इस संबंध में दैनिक जागरण ने मंडी सचिव से बात करना चाही पर हर बार की तरह उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया।

## आपदा से निपटने हुई मॉकड्रिल

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने हेतु एयर रेड, ब्लैक आउट, सर्च एंड रेस्क्यू मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन मंगलवार की सायंकाल पुलिस लाइन विदिशा एवं आसपास के क्षेत्रों में सिविल डिफेंस, होमगार्ड, एसडीईआरएफ एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में तथा टीम कमांडर, प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के निर्देशन में किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम के तहत शाम 7.30 बजे पहला एयर रेड सायरन बजाया गयाए जिसके साथ ही पूरे क्षेत्र में ब्लैक आउट किया गया। इसके पश्चात 7.35 बजे दूसरा सायरन और रात्रि 8 बजे तीसरा व अंतिम सायरन बजाकर हवाई हमले की समाप्ति की सूचना दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान सिविल डिफेंस की 8 टीमों ने संयुक्त रूप से घायलों का ट्रायेजए सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, राहत सामग्री वितरण एवं घायलों को एम्बुलेंस तक पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का प्रदर्शन किया। वहीं फायर फाइटिंग टीम ने आग पर त्वरित नियंत्रण प्राप्त करने की कार्यवाही का प्रदर्शन कर अपनी दक्षता दिखाई। ब्लैक आउट के दौरान एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेंस टीमों द्वारा सर्च एंड रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया।

## अवैध लकड़ी भंडारण पर विभाग की कार्रवाई, आरा मशीन सील



जागरण कुरवाई

वन विभाग की टीम ने बुधवार को कुरवाई क्षेत्र में अवैध लकड़ी भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव तथा एसडीओ बासौदा के निर्देश पर गठित टीम ने साहू सॉमिल की जांच की। जांच के दौरान आरा मशीन परिसर में बबूल, पिरोल, महानीम, सेमर सहित विभिन्न प्रजातियों की अवैध लकड़ी रखी पाई गई। मौके पर 21 नग सतकठ प्रजाति के लट्ठे भी मिले।

आरा मशीन संचालक गजेंद्र साहू एवं रामगोपाल साहू से जब वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सके। टीपी स्टॉक रजिस्टर में भी लकड़ी का लेखा.जोखा नहीं मिला। इसके बाद काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के तहत कार्रवाई करते हुए आरा मशीन को सील कर दिया गया तथा काष्ठ को जप्त कर लिया गया। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी पिंकी रघुवंशी के नेतृत्व में की गई। टीम में डिप्टी रेंजर अशोक गौर, लक्ष्मीनारायण पंथी, सुनील विश्वकर्मा, वनपाल केपी रजक, नीरज शाक्य और वनरक्षक शामिल रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध कटान और भंडारण पर लगातार नजर रखी जा रही है। दोषियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### इनका कहना है

जलाऊ लकड़ी की कटाई के लिए तहसीलदार और वन विभाग से अनुमति लेने का नियम है। परंतु इनके द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई। आरा मशीन पर मिली लकड़ी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

**पिंकी रघुवंशी,**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी वन विभाग बासौदा**

## मुख्य सचिव ने कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की

जागरण विदिशा

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर, कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई जिसमें निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव जैन के द्वारा बैठक में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं पोषण, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, वन, ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्य विभाग, कानून व्यवस्था तथा विविध विषयों पर विभाग वार समीक्षा की गई है। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान विदिशा के एनआईसी वीसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जानकी कुंड निर्माण में रामलीला की राशि के उपयोग पर जताई आपत्ति

जागरण विदिशा



रामलीला के समीप स्थित जानकी कुंड के निर्माण को लेकर रामलीला की राशि का उपयोग किए जाने के प्रयासों का मामला उलझ गया है। इस संबंध में

इस संबंध में श्री रामलीला सभा रजि. ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मालूम हो कि कलेक्टर रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष हैं। रामलीला सभा रजि. समिति के सदस्य बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इसमें सदस्यों ने जानकी कुंड निर्माण में रामलीला निधि के उपयोग को लेकर आपत्ति जताई है। सभा का कहना है कि जानकी कुंड में निधि का उपयोग करना नियमों के विपरीत होगा। सभा के अनुसार 25 अप्रैल 2026 को आयोजित बैठक में मेला समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि श्रीरामलीला निधि से जानकी कुंड स्थित विसर्जन कुंड का निर्माण एवं विस्तार कराया जाएगा। इस निर्णय पर सभा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नियमानुसार निधि का उपयोग केवल रामलीला और उससे जुड़े विकास कार्यों के लिए ही किया जा सकता है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वर्तमान मेला समिति का कार्यकाल 12 सितंबर 2025 को समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद नई समिति का गठन नहीं हुआ है। ऐसे में पुरानी समिति द्वारा नए कार्यों के लिए निर्णय लेना उचित नहीं है। सभा ने कलेक्टर से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और जल्द से जल्द नई मेला समिति का गठन कर अधिसूचना जारी की जाए, ताकि कार्य नियमों के अनुसार हो सकें।

# 41 डिग्री की तपिश में सूना पड़ा विवेकानंद चौराहा, सड़कों पर कम दिखी आवाजाही

## भीषण गर्मी के चलते दोपहर में लोग घरों में कैद, जरूरी काम से ही निकले नागरिक



जागरण विदिशा

शहर में बढ़ती गर्मी का असर अब साफ तौर पर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। बुधवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसके चलते प्रमुख स्थानों पर भी सन्नाटा देखने को मिला। शहर के व्यस्ततम माने जाने वाले विवेकानंद चौराहे पर दोपहर के समय वाहनों और लोगों की आवाजाही बेहद कम नजर आई। आम दिनों में जहां यह चौराहा ट्रैफिक और लोगों की चहल.पहल से भरा रहता है। वहीं तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बचते दिखे। केवल जरूरी काम से ही नागरिक बाहर निकल रहे हैं। दोपहर के समय सड़कें लगभग खाली नजर आईं, जबकि इक्का.दुक्का वाहन और दोपहिया चालक ही गुजरते दिखाई दिए। गर्मी से बचने के लिए लोग छांव और पानी की तलाश करते नजर आए।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी का असर और तेज होने की संभावना है। प्रशासन द्वारा भी लोगों को दोपहर में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी जा रही है।

## दौलतपुरा, मदनखेड़ा की सिंचाई योजना पर का कब्जा, 11 लोगों को नोटिस

# जिले में फिर एक नहर की जमीन जींम गए माफिया

जागरण विदिशा

विदिशा शहर में एक नहर की जमीन का मामला अभी सुर्खियों में था कि अब एक और मामला नहर की जमीन को जींम जाने का सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक जिले में किसानों की सिंचाई के लिए बनाई गई उद्वहन सिंचाई योजना अब भू.माफियाओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। दौलतपुरा और मदनखेड़ा क्षेत्र में बनी दशकों पुरानी नहर पूरी तरह से गायब हो चुकी है। जहां कभी पानी बहता था, वहां अब अवैध कब्जों के बीच पक्के मकान और कॉलोनियां खड़ी हो गई हैं। स्थिति यह है कि नहर का अधिकांश हिस्सा जमीन से मिटा दिया गया है और उसकी पहचान तक खत्म हो चुकी है। मौके पर सिर्फ जर्जर ढांचे के अवशेष बचे हैंए जो कभी किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का जरिया थे।



चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा मामला केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले का है। ऐसे में विपक्ष ने सीधे तौर पर सरकार और प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि किसानों की जमीन पर भू.माफियाओं को खुला संरक्षण दिया गया, जिसके चलते पूरी नहर ही हड़प ली गई। बेतवा घाट क्षेत्र में योजना के तहत लगाई गई लाखों रुपए की मशीनें अब या तो कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं या धीरे.धीरे गायब हो रही हैं। करोड़ों रुपए की यह सिंचाई योजना अब सिर्फ सरकारी फाइलों में जिंदा रह गई है।

लंबे समय तक प्रशासन की अनदेखी के चलते माफियाओं ने नहर की जमीन पर कब्जा कर लिया और धीरे.धीरे स्थायी निर्माण कर दिए। अब जब मामला सामने आया है, तब जाकर प्रशासन हरकत में आया है। राजस्व विभाग ने फिलहाल 11 लोगों को नोटिस जारी किए हैं, लेकिन सवाल यह है कि इतने बड़े पैमाने पर कब्जे के बावजूद कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई।

### इनका कहना है

यह योजना 40.50 साल पुरानी है। इसके रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। जहां.जहां अतिक्रमण पाया जाएगा वहां राजस्व विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई की जाएगी।

**राजकुमार सिंह,**
**कार्यपालन यंत्री**

नहर की जमीन पर कब्जे के मामले में 11 व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जांच जारी है और जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**निधि लोधी,**
**तहसीलदार**